गनपत सहाय डिग्री कॉलेज,
जिला–सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश, पिन–२२८००१

पत्रांक [illegible]/२०२२ दिनांक १०/०५/२०२२

गनपत सहाय डिग्री कॉलेज की बैठक दिनांक 10.05.2022 का कार्यवृत्त

दिनांकः 05.05.2022 को प्रसारित सूचना के अधारित एजेण्डा के आलोक में आज दिनांक 10.05.2022 को **गनपत सहाय डिग्री कॉलेज, जिला–सुलतानपुर उ0प्र0 के प्रबन्धकारिणी समिति की बैठक** अध्यक्ष श्री आत्माराम मुर्ररका की अध्यक्षता में **गनपत सहाय डिग्री कॉलेज** के बैठक कक्ष में प्रातः 11:00 बजे निम्नलिखित एजेण्डा के आलोक में बैठक आरम्भ हुई।

एजेण्डाः–

1. प्रबन्धकारिणी समिति की पिछली बैठक की पुष्टि हेतु प्रस्ताव।
2. पूर्व में प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना की अनुमति का प्रस्ताव।
3. अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

क्रमांक	नाम	पद	हस्ताक्षर
1.	श्री आत्माराम मुर्ररका	अध्यक्ष	Atmaram
2	श्री ईश्वर शरण सक्सेना	उपाध्यक्ष	ईश्वर शरण सक्सेना
3	श्री ओम प्रकाश पाण्डेय	सचिव	
4	श्री समर बहादुर सिंह	ऑडीटर	समर बहादुर सिंह
5	मीरा श्रीवास्तव	सदस्य	
6	श्री सुरेश कुमार तिवारी	सदस्य	Suresh
7	पूजा मिश्रा	सदस्य	पूजा मिश्रा
8	अनीता पाण्डेय	सदस्य	अनीता
9	विभा मिश्रा	सदस्य	विभा मिश्रा
10	श्री राम निवास अग्रवाल	सदस्य	P Tiwari
11	पूजा तिवारी	सदस्य	
12	अन्जू	सदस्य	

प्रस्ताव सं0–1. गणपूर्ति को ध्यान में रखते हुये अध्यक्ष महोदय ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की। बैठक कार्यवाही आरम्भ हुईः–

प्रस्ताव सं0–2. प्रबन्धकारिणी समिति की पिछली बैठक कार्यवाही सचिव श्री ओम प्रकाश पाण्डेय ने पढ़कर सुनाया। उपस्थित सभी सदस्यों ने पिछली कार्यवाही की पुष्टि की।

अनुमोदन– श्री ओम प्रकाश पाण्डेय, सचिव ने सभा को यह अवगत कराया कि समाज हित को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा पूर्व में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना हेतु प्रस्ताव किया गया था जिसके क्रम में समिति द्वारा हाईकोर्ट में रिट भी दाखिल की गया है। अतः समिति द्वारा पयागीपुर, जिला–सुलतानपुर उ0प्र0 में एक डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना एवं संचालन हेतु प्रस्ताव किया जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

प्रस्ताव सं0–3. उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से पयागीपुर, जिला–सुलतानपुर में डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज की स्थापना के इस प्रस्ताव का समर्थन किया और स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही हेतु सचिव श्री ओम प्रकाश पाण्डेय को अधिकृत किया तथा उक्त कॉलेज की स्थापना में जैसे–भूमि, भवन, फर्नीचर, वेतन, आदि मदों में व्यय हेतु समिति के कोष से धन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया एवं इन कार्यों हेतु भी सचिव श्री ओम प्रकाश पाण्डेय को अधिकृत किया गया।

श्री राम निवास अग्रवाल, सदस्य ने प्रस्तावित डिप्लोमा स्तरीय फार्मेसी कॉलेज के नामकरण की

गनपत सहाय डिग्री कॉलेज,
जिला–सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश, पिन–२२८००१

पत्रांक .... दिनांक ....

<u>अनुमोदन–</u>	आवश्यकता से अवगत कराया तथा प्रस्तावित संस्थान हेतु "गनपत सहाय कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Ganpat Sahai College of Pharmacy) नाम प्रस्तावित किया।
<u>प्रस्ताव सं0–4.</u>	उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्तावित डिप्लोम स्तरीय फार्मेसी कॉलेज का नाम "गनपत सहाय कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Ganpat Sahai College of Pharmacy) रखने का समर्थन किया।
<u>अनुमोदन–</u>	श्री समर बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष ने यह प्रस्ताव किया कि प्रस्तावित कॉलेज हेतु भूमि चिन्हित कर दिया जाय तथा पयागीपुर, जिला–सुलतानपुर में उपलब्ध समिति की भूमि गाटा सं– 343 रकबा 0.9310 हेक्टेयर पर लेने का विचार किया गया।
<u>प्रस्ताव सं0–5.</u>	उपस्थित सभी सदस्यों के सम्मत विचारोपरान्त सर्व सम्मति से पयागीपुर, सुलतानपुर, जिला–सुलतानपुर मे उपलब्ध समिति की भूमि गाटा सं–343 रकबा 0.9310 हेक्टेयर को "गनपत सहाय कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Ganpat Sahai College of Pharmacy) के निर्माण एवं संचालन हेतु चिन्हित किया तथा सचिव श्री ओम प्रकाश पाण्डेय को उक्त भूमि पर निर्माण व संचालन एवं सभी विधिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत किया गया।
<u>अनुमोदन–</u>	पूजा तिवारी, सदस्य ने प्रस्तावित "गनपत सहाय कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Ganpat Sahai College of Pharmacy) के सुगम संचालन एवं प्रबन्धन हेतु समिति के सचिव श्री ओम प्रकाश पाण्डेयको उक्त कॉलेज के संस्था प्रमुख/सचिव (Head of Institution/Secretary) के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव किया। उपस्थित सभी सदस्यों ने विचार–विमर्श कर सर्वसम्मति से सचिव श्री ओम प्रकाश पाण्डेय को प्रस्तावित "गनपत सहाय कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Ganpat Sahai College of Pharmacy) के संस्था प्रमुख/सचिव (Head of Institution/Secretary) के पद पर नियुक्ति के प्रस्ताव का समर्थन किया तथा अध्यक्ष महोदया ने नियुक्ति पर अपना अनुमोदन दिया तथा अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से सभा ने प्रस्तावित "गनपत सहाय कॉलेज ऑफ फार्मेसी" (Ganpat Sahai College of Pharmacy) की स्थापना एवं संचालन हेतु आवश्यक कार्यवाही, विधिक एवं सामान्य सभी प्रक्रियाओं के निस्पादन एवं सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत एवं निर्देशित किया।

अन्य विषय/प्रस्ताव न होने की स्थिति में अध्यक्ष महोदय को धन्यवादोपरान्त सभा की कार्यवाही सम्पन्न हुई।